# JEE Main 2015

## (Online Exam)

## Question Paper (April 11)

[Actual Question Paper]

Source: https://jeemain.nic.in/webinfo/Public/Home.aspx
Disclaimer: This content is not created or owned by Info Edge India (Ltd.)

**1.** If electronic charge e, electron mass m, speed of light in vacuum c and Planck's constant h are taken as fundamental quantities, the permeability of vacuum $\mu_0$ can be expressed in units of :

(1) $\left(\frac{hc}{me^2}\right)$

(2) $\left(\frac{h}{me^2}\right)$

(3) $\left(\frac{h}{ce^2}\right)$

(4) $\left(\frac{mc^2}{he^2}\right)$

**1.** यदि इलेक्ट्रॉन-आवेश e, इलेक्ट्रॉन-द्रव्यमान m, निर्वात् में प्रकाश के वेग c तथा प्लाँक स्थिरांक h, को मूल राशियाँ मान लिया जाय तो, निर्वात् की चुम्बकशीलता $\mu_0$ का मात्रक होगा :

(1) $\left(\frac{hc}{me^2}\right)$

(2) $\left(\frac{h}{me^2}\right)$

(3) $\left(\frac{h}{ce^2}\right)$

(4) $\left(\frac{mc^2}{he^2}\right)$

**2.** A vector $\vec{A}$ is rotated by a small angle $\Delta\theta$ radians ($\Delta\theta$<<1) to get a new vector $\vec{B}$. In that case $|\vec{B} - \vec{A}|$ is :

(1) 0

(2) $|\vec{A}|\left(1-\frac{\Delta\theta^2}{2}\right)$

(3) $|\vec{A}|\,\Delta\theta$

(4) $|\vec{B}|\,\Delta\theta - |\vec{A}|$

**2.** किसी सदिश $\vec{A}$ को $\Delta\theta$ रेडियन ($\Delta\theta$<<1) घुमा देने पर एक नया सदिश $\vec{B}$ प्राप्त होता है। इस अवस्था में $|\vec{B} - \vec{A}|$ होगा :

(1) शून्य

(2) $|\vec{A}|\left(1-\frac{\Delta\theta^2}{2}\right)$

(3) $|\vec{A}|\,\Delta\theta$

(4) $|\vec{B}|\,\Delta\theta - |\vec{A}|$

**3.** A large number (n) of identical beads, each of mass m and radius r are strung on a thin smooth rigid horizontal rod of length L (L>>r) and are at rest at random positions. The rod is mounted between two rigid supports (see figure). If one of the beads is now given a speed $v$, the average force experienced by each support after a long time is (assume all collisions are elastic) :




(1) $\dfrac{mv^2}{L-nr}$

(2) $\dfrac{mv^2}{L-2nr}$

(3) $\dfrac{mv^2}{2(L-nr)}$

(4) zero

**4.** A particle is moving in a circle of radius r under the action of a force $F=\alpha r^2$ which is directed towards centre of the circle. Total mechanical energy (kinetic energy + potential energy) of the particle is (take potential energy = 0 for r = 0) :

(1) $\alpha r^3$

(2) $\dfrac{1}{2}\alpha r^3$

(3) $\dfrac{4}{3}\alpha r^3$

(4) $\dfrac{5}{6}\alpha r^3$

**3.** एक पतली चिकनी क्षैतिज छड़ पर कई (n) सर्वसम मणिकायें (बीड) पिरोई गई हैं जो छड़ पर अनियमित तथा विराम अवस्था में हैं। प्रत्येक बीड का द्रव्यमान m तथा त्रिज्या r है और छड़ की लंबाई L है (L>>r)। यह छड़ दो टेकों (आधारों) पर, आरेख में दर्शाये गये अनुसार टिकी है। यदि एक बीड को $v$ वेग प्रदान किया जाय तो, एक लम्बे समय के पश्चात् प्रत्येक टेक (आधार) पर लगने वाले औसत बल का मान होगा (यदि सभी टक्करें प्रत्यास्थ हैं) :




(1) $\dfrac{mv^2}{L-nr}$

(2) $\dfrac{mv^2}{L-2nr}$

(3) $\dfrac{mv^2}{2(L-nr)}$

(4) शून्य

**4.** किसी बल $F=\alpha r^2$ के कारण, एक कण r त्रिज्या के वृत्त में गति करता है। बल की दिशा वृत्त के केन्द्र की ओर है। यदि, r = 0 के लिये स्थितिज ऊर्जा को शून्य माना जाय तो, इस कण की कुल यांत्रिक ऊर्जा (गतिज ऊर्जा + स्थितिज ऊर्जा) होगी :

(1) $\alpha r^3$

(2) $\dfrac{1}{2}\alpha r^3$

(3) $\dfrac{4}{3}\alpha r^3$

(4) $\dfrac{5}{6}\alpha r^3$

5. A uniform thin rod AB of length L has linear mass density $\mu(x) = a + \frac{bx}{L}$, where $x$ is measured from A. If the CM of the rod lies at a distance of $\left(\frac{7}{12}L\right)$ from A, then a and b are related as :

(1) a = b

(2) a = 2b

(3) 2a = b

(4) 3a = 2b

6. A particle of mass 2 kg is on a smooth horizontal table and moves in a circular path of radius 0.6 m. The height of the table from the ground is 0.8 m. If the angular speed of the particle is 12 rad $s^{-1}$, the magnitude of its angular momentum about a point on the ground right under the centre of the circle is :

(1) 8.64 kg $m^2s^{-1}$

(2) 11.52 kg $m^2s^{-1}$

(3) 14.4 kg $m^2s^{-1}$

(4) 20.16 kg $m^2s^{-1}$

5. L लम्बाई तथा एकसमान पतली छड़ AB, का रैखिक द्रव्यमान घनत्व $\mu(x) = a + \frac{bx}{L}$ है, जहाँ $x$ को छड़ के सिरे A से मापा जाता है। यदि इस छड़ का द्रव्यमान-केन्द्र छड़ के सिरे A से $\left(\frac{7}{12}L\right)$ दूरी पर है तो, a तथा b के बीच संबंध होगा :

(1) a = b

(2) a = 2b

(3) 2a = b

(4) 3a = 2b

6. 2 kg द्रव्यमान का एक कण, किसी चिकने क्षैतिज मेज पर स्थित है तथा 0.6 m त्रिज्या के वृत्ताकार पथ पर गति कर रहा है। भू-तल से मेज की ऊँचाई 0.8 m है। यदि कण की कोणीय चाल 12 rad $s^{-1}$ हो तो, वृत्त के केन्द्र के ठीक नीचे भू-तल पर किसी बिन्दु के परित:, इस कण का कोणीय संवेग का परिमाण होगा :

(1) 8.64 kg $m^2s^{-1}$

(2) 11.52 kg $m^2s^{-1}$

(3) 14.4 kg $m^2s^{-1}$

(4) 20.16 kg $m^2s^{-1}$

**7.** Which of the following most closely depicts the correct variation of the gravitation potential V(r) due to a large planet of radius R and uniform mass density ? *(figures are not drawn to scale)*

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**8.** A cylindrical block of wood (density = 650 kg $m^{-3}$), of base area 30 $cm^2$ and height 54 cm, floats in a liquid of density 900 kg $m^{-3}$. The block is depressed slightly and then released. The time period of the resulting oscillations of the block would be equal to that of a simple pendulum of length (nearly) :

(1) 65 cm

(2) 52 cm

(3) 39 cm

(4) 26 cm

**7.** निम्नांकित आलेखों में से कौन सा आलेख (ग्राफ), R त्रिज्या तथा एकसमान द्रव्यमान घनत्व वाले किसी बड़े ग्रह के गुरुत्वीय विभव V(r) के सही विचरण (परिवर्तन) का सर्वाधिक निकट चित्रण करता है ? *(आरेख ठीक पैमाने के अनुसार नहीं हैं)*

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**8.** लकड़ी के किसी बेलनाकार गुटके (ब्लॉक) की लम्बाई 54 cm, तथा घनत्व 650 kg $m^{-3}$ है। इसके आधार का क्षेत्रफल 30 $cm^2$ है, और यह 900 kg $m^{-3}$ घनत्व वाले द्रव में तैर रहा है (प्लवमान है)। इस ब्लॉक को थोड़ा सा नीचे की ओर दबाकर छोड़ दिया जाता है। परिणाम स्वरूप उत्पन्न इसके दोलनों का आवर्तकाल, किस लम्बाई (लगभग) के सरल लोलक के आवर्तकाल के बराबर होगा ?

(1) 65 cm

(2) 52 cm

(3) 39 cm

(4) 26 cm

**9.** A beaker contains a fluid of density $\rho$ kg/m$^3$, specific heat S J/kg°C and viscosity $\eta$. The beaker is filled up to height h. To estimate the rate of heat transfer per unit area $(\dot{Q}/A)$ by convection when beaker is put on a hot plate, a student proposes that it should depend on $\eta$, $\left(\frac{S\Delta\theta}{h}\right)$ and $\left(\frac{1}{\rho g}\right)$ when $\Delta\theta$ (in °C) is the difference in the temperature between the bottom and top of the fluid. In that situation the correct option for $(\dot{Q}/A)$ is :

(1) $\eta \frac{S\Delta\theta}{h}$

(2) $\eta\left(\frac{S\Delta\theta}{h}\right)\left(\frac{1}{\rho g}\right)$

(3) $\frac{S\Delta\theta}{\eta h}$

(4) $\left(\frac{S\Delta\theta}{\eta h}\right)\left(\frac{1}{\rho g}\right)$

**9.** किसी बीकर में रखे एक द्रव का घनत्व $\rho$ kg/m$^3$, विशिष्ट ऊष्मा S J/kg°C तथा श्यानता $\eta$ है। यह बीकर h ऊँचाई तक द्रव से भरा है। बीकर को एक 'हॉट प्लेट' पर रखने पर, उसमें रखे द्रव की सबसे ऊपर तथा सबसे नीचे की परत के बीच ताप का अन्तर $\Delta\theta$ (°C में) होता है। एक विद्यार्थी के अनुसार, इस अवस्था में संवहन द्वारा प्रति इकाई क्षेत्रफल ऊष्मा का स्थानान्तरण, अर्थात् $(\dot{Q}/A)$ का मान $\eta$, $\left(\frac{S\Delta\theta}{h}\right)$ तथा $\left(\frac{1}{\rho g}\right)$ पर निर्भर करना चाहिये, तो, $(\dot{Q}/A)$ के मान के लिये सही विकल्प होगा :

(1) $\eta \frac{S\Delta\theta}{h}$

(2) $\eta\left(\frac{S\Delta\theta}{h}\right)\left(\frac{1}{\rho g}\right)$

(3) $\frac{S\Delta\theta}{\eta h}$

(4) $\left(\frac{S\Delta\theta}{\eta h}\right)\left(\frac{1}{\rho g}\right)$

**10.** An experiment takes 10 minutes to raise the temperature of water in a container from 0°C to 100°C and another 55 minutes to convert it totally into steam by a heater supplying heat at a uniform rate. Neglecting the specific heat of the container and taking specific heat of water to be 1 cal/g °C, the heat of vapourization according to this experiment will come out to be :

(1) 530 cal/g

(2) 540 cal/g

(3) 550 cal/g

(4) 560 cal/g

**10.** किसी प्रयोग में किसी ऊष्मक (हीटर) द्वारा एकसमान दर पर ऊष्मा देने पर, एक पात्र में रखे जल का ताप 0°C से 100°C तक बढ़ाने के लिये 10 मिनट का समय लगता है। इसी द्रव को पूर्णत: वाष्प में रूपान्तरित करने में 55 मिनट और लगते हैं। पात्र की विशिष्ट ऊष्मा को नगण्य तथा जल की विशिष्ट ऊष्मा को 1 cal/g °C लेते हुए, इस प्रयोग के अनुसार वाष्पन की ऊष्मा का मान होगा :

(1) 530 cal/g

(2) 540 cal/g

(3) 550 cal/g

(4) 560 cal/g

**11.** Using equipartition of energy, the specific heat (in $J\ kg^{-1}\ K^{-1}$) of aluminium at room temperature can be estimated to be (atomic weight of aluminium = 27)

(1) 25

(2) 410

(3) 925

(4) 1850

**12.** A pendulum with time period of 1$s$ is losing energy due to damping. At certain time its energy is 45 J. If after completing 15 oscillations, its energy has become 15 J, its damping constant (in $s^{-1}$) is :

(1) $\frac{1}{30} ln\, 3$

(2) $\frac{1}{15} ln\, 3$

(3) 2

(4) $\frac{1}{2}$

**11.** ऊर्जा के समविभाजन के उपयोग से, कक्ष-ताप पर, ऐलुमिनियम की विशिष्ट ऊष्मा ($J\ kg^{-1}\ K^{-1}$) का अनुमानित मान होगा, (ऐलुमिनियम का परमाणु भार = 27)

(1) 25

(2) 410

(3) 925

(4) 1850

**12.** 1$s$ आवर्तकाल के किसी लोलक की ऊर्जा अवमंदन के कारण क्षय हो रही है। किसी क्षण इसकी ऊर्जा 45 J है। यदि 15 दोलन पूरे करने के पश्चात् इसकी ऊर्जा 15 J हो जाती है तो, इसके लिये अवमंदन स्थिरांक है ($s^{-1}$ में) :

(1) $\frac{1}{30} ln\, 3$

(2) $\frac{1}{15} ln\, 3$

(3) 2

(4) $\frac{1}{2}$

**13.** A source of sound emits sound waves at frequency $f_0$. It is moving towards an observer with fixed speed $v_s$($v_s$<$v$, where $v$ is the speed of sound in air). If the observer were to move towards the source with speed $v_0$, one of the following two graphs (A and B) will give the correct variation of the frequency f heard by the observer as $v_0$ is changed.







The variation of f with $v_0$ is given correctly by :

(1) graph A with slope $= \dfrac{f_0}{(v - v_s)}$

(2) graph A with slope $= \dfrac{f_0}{(v + v_s)}$

(3) graph B with slope $= \dfrac{f_0}{(v - v_s)}$

(4) graph B with slope $= \dfrac{f_0}{(v + v_s)}$

**13.** ध्वनि के एक स्रोत से $f_0$ आवृत्ति की तरंगें उत्सर्जित (उत्पन्न) होती हैं। यह स्रोत किसी श्रोता की ओर एक नियत चाल $v_s$ से चल रहा है ($v_s$< $v$, जहाँ $v$ वायु में ध्वनि की चाल है)। यदि श्रोता $v_0$ चाल से स्रोत की ओर चलने लगे, तो $v_0$ में परिवर्तन से, श्रोता द्वारा सुनी गई आवृत्ति के सही विचरण (परिवर्तन) को निम्नांकित ग्राफ A या B में से एक ग्राफ दर्शायेगा।







तो, $v_0$ के साथ f के विचरण (परिवर्तन) को सही दर्शाता है :

(1) ग्राफ A प्रवणता $= \dfrac{f_0}{(v - v_s)}$ के साथ

(2) ग्राफ A प्रवणता $= \dfrac{f_0}{(v + v_s)}$ के साथ

(3) ग्राफ B प्रवणता $= \dfrac{f_0}{(v - v_s)}$ के साथ

(4) ग्राफ B प्रवणता $= \dfrac{f_0}{(v + v_s)}$ के साथ

**14.** A wire, of length $L(=20 \text{ cm})$, is bent into a semi-circular arc. If the two equal halves, of the arc, were each to be uniformly charged with charges $\pm Q$, $[|Q| = 10^3 \varepsilon_0$ Coulomb where $\varepsilon_0$ is the permittivity (in SI units) of free space] the net electric field at the centre O of the semi-circular arc would be :




(1) $(50 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{j}$

(2) $(25 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{i}$

(3) $(25 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{j}$

(4) $(50 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{i}$

**15.** An electric field $\vec{E} = \left(25 \hat{i} + 30 \hat{j}\right) \text{NC}^{-1}$ exists in a region of space. If the potential at the origin is taken to be zero then the potential at $x = 2$ m, $y = 2$ m is :

(1) $-130$ J

(2) $-120$ J

(3) $-140$ J

(4) $-110$ J

**14.** $L(=20 \text{ cm})$ लम्बाई के एक तार को एक अर्ध वृत्ताकार चाप के रूप में मोड़ दिया गया है। यदि इस चाप के दो समान भागों को $\pm Q$ आवेश से एकसमान आवेशित कर दिया जाय $[|Q| = 10^3 \varepsilon_0$ कूलॉम जहाँ $\varepsilon_0$ (SI मात्रक में) मुक्त आकाश की विद्युतशीलता (परावैद्युतांक) है ], तो, अर्धवृत्ताकार चाप के केन्द्र O पर नेट विद्युत क्षेत्र होगा :




(1) $(50 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{j}$

(2) $(25 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{i}$

(3) $(25 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{j}$

(4) $(50 \times 10^3 \text{ N/C}) \hat{i}$

**15.** किसी स्थान पर एक विद्युत क्षेत्र, $\vec{E} = \left(25 \hat{i} + 30 \hat{j}\right) \text{NC}^{-1}$, विद्यमान है। यदि मूलबिन्दु पर विभव का मान शून्य माना जाय तो, $x = 2$ m, $y = 2$ m पर विभव होगा :

(1) $-130$ J

(2) $-120$ J

(3) $-140$ J

(4) $-110$ J

**16.** In figure is shown a system of four capacitors connected across a 10 V battery. Charge that will flow from switch S when it is closed is :




(1) 5 μC from b to a

(2) 20 μC from a to b

(3) 5 μC from a to b

(4) zero

**17.** In the electric network shown, when no current flows through the 4 Ω resistor in the arm EB, the potential difference between the points A and D will be :




(1) 3 V

(2) 4 V

(3) 5 V

(4) 6 V

**16.** यहाँ आरेख में चार संधारित्रों के एक निकाय (तंत्र) को एक 10 V की बैटरी से जुड़ा हुआ दर्शाया गया है। स्विच S को बंद करने पर उससे प्रवाहित आवेश होगा :




(1) 5 μC, b से a को

(2) 20 μC, a से b को

(3) 5 μC, a से b को

(4) शून्य

**17.** दर्शाये गये परिपथ जाल में, भुजा EB के प्रतिरोध 4 Ω से यदि कोई धारा प्रवाहित नहीं हो रही है तो, A तथा D बिन्दुओं के बीच विभवान्तर होगा :




(1) 3 V

(2) 4 V

(3) 5 V

(4) 6 V

**18.** The value of the resistor, $R_S$, needed in the dc voltage regulator circuit shown here, equals :




(1) $(V_i - V_L)/n\ I_L$

(2) $(V_i + V_L)/n\ I_L$

(3) $(V_i - V_L)/(n+1)\ I_L$

(4) $(V_i + V_L)/(n+1)\ I_L$

**18.** यहाँ दर्शाये गये डी.सी. (dc) वोल्टता नियंत्रक परिपथ में, आवश्यक प्रतिरोध $R_S$ का मान होगा :




(1) $(V_i - V_L)/n\ I_L$

(2) $(V_i + V_L)/n\ I_L$

(3) $(V_i - V_L)/(n+1)\ I_L$

(4) $(V_i + V_L)/(n+1)\ I_L$

**19.** Two long straight parallel wires, carrying (adjustable) currents $I_1$ and $I_2$, are kept at a distance d apart. If the force 'F' between the two wires is taken as 'positive' when the wires repel each other and 'negative' when the wires attract each other, the graph showing the dependence of 'F', on the product $I_1I_2$, would be :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**19.** दो लम्बे, सीधे, समान्तर तारों के बीच की दूरी d है। इनसे $I_1$ तथा $I_2$ धारायें प्रवाहित हो रही हैं (जिनके मान समायोजित किये जा सकते हैं) यदि इन तारों के बीच प्रतिकर्षण होने पर इनके बीच बल 'F' को 'धनात्मक' तथा इन के बीच आकर्षण होने पर बल F को ऋणात्मक माना जाय तो, $I_1$ तथा $I_2$ के गुणनफल $(I_1I_2)$ पर 'F' के निर्भर होने को कौन सा ग्राफ ठीक (सही) दर्शाता है ?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 

**20.** A wire carrying current I is tied between points P and Q and is in the shape of a circular arch of radius R due to a uniform magnetic field B (perpendicular to the plane of the paper, shown by xxx) in the vicinity of the wire. If the wire subtends an angle $2\theta_0$ at the centre of the circle (of which it forms an arch) then the tension in the wire is :




(1) IBR

(2) $\frac{IBR}{\sin\theta_0}$

(3) $\frac{IBR}{2\sin\theta_0}$

(4) $\frac{IBR\theta_0}{\sin\theta_0}$

**20.** I धारावाही एक तार, P तथा Q बिन्दुओं पर बंधा है और अपने आस-पास चुम्बकीय क्षेत्र B के कारण (जो xxx द्वारा दर्शाया गया है और इस पृष्ठ के लम्बवत् है) R त्रिज्या के वृत्ताकार चाप के रूप में आ जाता है। यदि यह तार, उस वृत्त के केन्द्र पर जिसका यह चाप भाग है, $2\theta_0$ कोण बनाता है तो, तार में तनाव होगा :




(1) IBR

(2) $\frac{IBR}{\sin\theta_0}$

(3) $\frac{IBR}{2\sin\theta_0}$

(4) $\frac{IBR\theta_0}{\sin\theta_0}$

**21.** A short bar magnet is placed in the magnetic meridian of the earth with north pole pointing north. Neutral points are found at a distance of 30 cm from the magnet on the East - West line, drawn through the middle point of the magnet. The magnetic moment of the magnet in $Am^2$ is close to :

(Given $\frac{\mu_0}{4\pi} = 10^{-7}$ in SI units and $B_H$ = Horizontal component of earth's magnetic field $= 3.6 \times 10^{-5}$ Tesla.)

(1) 9.7

(2) 4.9

(3) 19.4

(4) 14.6

**21.** किसी छोटे से दंड चुम्बक को पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र के चुम्बकीय याम्योत्तर में इस प्रकार रखा गया है कि उसका उत्तर ध्रुव, उत्तर की ओर है। इसके कारण चुम्बक के मध्यबिन्दु से पूर्व-पश्चिम दिशा में खींची गई सरल रेखा पर, उदासीन बिन्दु प्राप्त होते हैं, जिनकी चुम्बक से दूरी 30 cm है। तो, चुम्बक का चुम्बकीय आघूर्ण ($Am^2$ में) होगा लगभग :

(दिया है, $\frac{\mu_0}{4\pi} = 10^{-7}$ SI मात्रक में तथा $B_H$ = पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र का क्षैतिज घटक $= 3.6 \times 10^{-5}$ Tesla.)

(1) 9.7

(2) 4.9

(3) 19.4

(4) 14.6

**22.** For the LCR circuit, shown here, the current is observed to lead the applied voltage. An additional capacitor C′, when joined with the capacitor C present in the circuit, makes the power factor of the circuit unity. The capacitor C′, must have been connected in :




(1) series with C and has a magnitude $\frac{1-\omega^2 LC}{\omega^2 L}$.

(2) series with C and has a magnitude $\frac{C}{(\omega^2 LC - 1)}$.

(3) parallel with C and has a magnitude $\frac{C}{(\omega^2 LC - 1)}$.

(4) parallel with C and has a magnitude $\frac{1-\omega^2 LC}{\omega^2 L}$.

**23.** For plane electromagnetic waves propagating in the $z$ direction, which one of the following combination gives the correct possible direction for $\vec{E}$ and $\vec{B}$ field respectively ?

(1) $(\hat{i} + 2\hat{j})$ and $(2\hat{i} - \hat{j})$

(2) $(-2\hat{i} - 3\hat{j})$ and $(3\hat{i} - 2\hat{j})$

(3) $(2\hat{i} + 3\hat{j})$ and $(\hat{i} + 2\hat{j})$

(4) $(3\hat{i} + 4\hat{j})$ and $(4\hat{i} - 3\hat{j})$

**22.** यहाँ दर्शाये गये LCR परिपथ में, विद्युतधारा, आरोपित वोल्टता से अग्रगामी (आगे) रहती है। परिपथ में जुड़े संधारित्र C के साथ एक अतिरिक्त संधारित्र C′ जोड़ने से, इस परिपथ का शक्ति-गुणक इकाई (एकक) हो जाता है। तो, संधारित्र C′ को अवश्य ही जोड़ा गया होगा :




(1) C से श्रेणी क्रम में और उसका मान होगा $\frac{1-\omega^2 LC}{\omega^2 L}$.

(2) C से श्रेणी क्रम में और उसका मान होगा $\frac{C}{(\omega^2 LC - 1)}$.

(3) C से समांतर (पार्श्व) क्रम में और उसका मान होगा $\frac{C}{(\omega^2 LC - 1)}$.

(4) C से समांतर क्रम में और उसका मान होगा $\frac{1-\omega^2 LC}{\omega^2 L}$.

**23.** $z$ दिशा में गमन करती हुई समतल विद्युत-चुम्बकीय तरंगों के लिये, निम्नांकित संयोजनों में कौन-सा संयोजन क्रमशः $\vec{E}$ तथा $\vec{B}$ क्षेत्रों की सही दिशा दर्शाता है ?

(1) $(\hat{i} + 2\hat{j})$ तथा $(2\hat{i} - \hat{j})$

(2) $(-2\hat{i} - 3\hat{j})$ तथा $(3\hat{i} - 2\hat{j})$

(3) $(2\hat{i} + 3\hat{j})$ तथा $(\hat{i} + 2\hat{j})$

(4) $(3\hat{i} + 4\hat{j})$ तथा $(4\hat{i} - 3\hat{j})$

**24.** A thin convex lens of focal length 'f' is put on a plane mirror as shown in the figure. When an object is kept at a distance 'a' from the lens - mirror combination, its image is formed at a distance $\frac{a}{3}$ in front of the combination. The value of 'a' is :



(1) f

(2) 2f

(3) 3f

(4) $\frac{3}{2}f$

**24.** एक उत्तल लेंस को, आरेख में दर्शाये गये अनुसार किसी समतल दर्पण के ऊपर रखा गया है। लेंस की फोकस दूरी 'f' है। इस संयोजन से किसी वस्तु को 'a' दूरी पर रखने से, उसका प्रतिबिम्ब संयोजन के सामने $\frac{a}{3}$ दूरी पर बनता है। तो, 'a' का मान है :



(1) f

(2) 2f

(3) 3f

(4) $\frac{3}{2}f$

**25.** In a Young's double slit experiment with light of wavelength $\lambda$ the separation of slits is d and distance of screen is D such that $D >> d >> \lambda$. If the Fringe width is $\beta$, the distance from point of maximum intensity to the point where intensity falls to half of maximum intensity on either side is :

(1) $\frac{\beta}{2}$

(2) $\frac{\beta}{4}$

(3) $\frac{\beta}{3}$

(4) $\frac{\beta}{6}$

**25.** यंग के किसी द्वि-झिरी प्रयोग में, प्रयुक्त प्रकाश की तरंगदैर्घ्य $\lambda$, झिरियों (स्लिटों) के बीच की दूरी d, तथा पर्दे की झिरियों से दूरी D है। जहाँ, $D >> d >> \lambda$। यदि, फ्रिंज चौड़ाई $\beta$ है तो, अधिकतम तीव्रता के बिन्दु से, दोनों ओर के उन बिन्दुओं की दूरी, जहाँ तीव्रता, अधिकतम से आधी हो जाती है, होगी :

(1) $\frac{\beta}{2}$

(2) $\frac{\beta}{4}$

(3) $\frac{\beta}{3}$

(4) $\frac{\beta}{6}$

**26.** Unpolarized light of intensity $I_0$ is incident on surface of a block of glass at Brewster's angle. In that case, which one of the following statements is true ?

(1) transmitted light is partially polarized with intensity $I_0/2$.

(2) transmitted light is completely polarized with intensity less than $I_0/2$.

(3) reflected light is completely polarized with intensity less than $I_0/2$.

(4) reflected light is partially polarized with intensity $I_0/2$.

**27.** The de - Broglie wavelength associated with the electron in the n=4 level is :

(1) two times the de-Broglie wavelength of the electron in the ground state

(2) four times the de-Broglie wavelength of the electron in the ground state

(3) half of the de-Broglie wavelength of the electron in the ground state

(4) $1/4^{th}$ of the de-Broglie wavelength of the electron in the ground state

**28.** Let $N_\beta$ be the number of β particles emitted by 1 gram of $\overset{24}{Na}$ radioactive nuclei (half life=15 hrs) in 7.5 hours, $N_\beta$ is close to (Avogadro number $=6.023\times10^{23}$/g. mole) :

(1) $6.2\times10^{21}$

(2) $7.5\times10^{21}$

(3) $1.25\times10^{22}$

(4) $1.75\times10^{22}$

**26.** $I_0$ तीव्रता का अध्रुवित प्रकाश, काँच के ब्लॉक (गुटके) की सतह (पृष्ठ) पर, ब्रूस्टर कोण पर, आपतित होता है। इस स्थिति के लिये निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही (सत्य) है ?

(1) पारगत प्रकाश, आंशिक ध्रुवित होगा और उसकी तीव्रता $I_0/2$ होगी।

(2) पारगत प्रकाश पूर्णरूप से ध्रुवित होगा और उसकी तीव्रता $I_0/2$ से कम होगी।

(3) परावर्तित प्रकाश पूर्णत: ध्रुवित होगा और उसकी तीव्रता $I_0/2$ से कम होगी।

(4) परावर्तित प्रकाश पूर्णत: ध्रुवित होगा और उसकी तीव्रता $I_0/2$ होगी।

**27.** n=4 स्तर पर, किसी इलेक्ट्रॉन से संबद्ध दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य होगी :

(1) न्यूनतम ऊर्जा स्तर पर इलेक्ट्रॉन की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य से दो गुना।

(2) न्यूनतम ऊर्जा स्तर पर इलेक्ट्रॉन की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य की चार गुना।

(3) न्यूनतम ऊर्जा स्तर पर इलेक्ट्रॉन की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य की आधी।

(4) न्यूनतम ऊर्जा स्तर पर इलेक्ट्रॉन की दे-ब्रॉग्ली तरंगदैर्घ्य की 1/4.

**28.** यदि 1 ग्राम $\overset{24}{Na}$ रेडियोएक्टिव नाभिक (अर्ध आयु 15 घंटे) द्वारा 7.5 घंटे में उत्सर्जित β कणों की संख्या $N_\beta$ हो तो, $N_\beta$ का मान निकट होगा (आवोगाद्रो संख्या $6.023\times10^{23}$/g. mol) :

(1) $6.2\times10^{21}$

(2) $7.5\times10^{21}$

(3) $1.25\times10^{22}$

(4) $1.75\times10^{22}$

**29.** A 2V battery is connected across AB as shown in the figure. The value of the current supplied by the battery when in one case battery's positive terminal is connected to A and in other case when positive terminal of battery is connected to B will respectively be :




(1) 0.2 A and 0.1 A

(2) 0.4 A and 0.2 A

(3) 0.1 A and 0.2 A

(4) 0.2 A and 0.4 A

**30.** The AC voltage across a resistance can be measured using a :

(1) potentiometer

(2) moving coil galvanometer

(3) moving magnet galvanometer

(4) hot wire voltmeter

**29.** आरेख में 2V की एक बैटरी A व B के बीच जुड़ी है। यदि पहली दशा में बैटरी का धनात्मक टर्मिनल A से तथा दूसरी दशा में धनात्मक टर्मिनल B से जुड़ा हो तो, इन दोनों दशाओं में बैटरी द्वारा प्रदत्त विद्युत धारा का मान क्रमशः होगा :




(1) 0.2 A तथा 0.1 A

(2) 0.4 A तथा 0.2 A

(3) 0.1 A तथा 0.2 A

(4) 0.2 A तथा 0.4 A

**30.** किसी प्रतिरोध के सिरों के बीच AC (ए.सी.) वोल्टता को मापा जा सकता है :

(1) पोटेन्शियोमीटर (विभवमापी) द्वारा

(2) चल कुंडली धारामापी (गैल्वेनोमीटर) द्वारा

(3) चल-चुम्बक गैल्वेनोमीटर द्वारा

(4) तप्त तार वोल्टमीटर द्वारा

1. $A + 2B + 3C \rightleftharpoons AB_2C_3$
Reaction of 6.0 g of A, $6.0 \times 10^{23}$ atoms of B, and 0.036 mol of C yields 4.8 g of compound $AB_2C_3$. If the atomic mass of A and C are 60 and 80 amu, respectively, the atomic mass of B is (Avogadro no. $= 6 \times 10^{23}$) :
(1) 70 amu
(2) 60 amu
(3) 50 amu
(4) 40 amu

2. When does a gas deviate the most from its ideal behaviour ?
(1) At low pressure and low temperature
(2) At low pressure and high temperature
(3) At high pressure and low temperature
(4) At high pressure and high temperature

3. At temperature T, the average kinetic energy of any particle is $\frac{3}{2}$ kT. The de Broglie wavelength follows the order :
(1) Thermal proton > Visible photon > Thermal electron
(2) Thermal proton > Thermal electron > Visible photon
(3) Visible photon > Thermal electron > Thermal neutron
(4) Visible photon > Thermal neutron > Thermal electron

4. Molecule AB has a bond length of 1.617Å and a dipole moment of 0.38 D. The fractional charge on each atom (absolute magnitude) is : ($e_0 = 4.802 \times 10^{-10}$ esu)
(1) 0
(2) 0.05
(3) 0.5
(4) 1.0

1. $A + 2B + 3C \rightleftharpoons AB_2C_3$
6.0 g A, $6.0 \times 10^{23}$ परमाणु B तथा 0.036 मोल C के अभिक्रिया करने पर 4.8 g $AB_2C_3$ प्राप्त होता है। यदि A तथा C के परमाणु द्रव्यमान क्रमशः 60 और 80 amu हों, तो B का परमाणु द्रव्यमान है (आवोगाद्रो संख्या $= 6 \times 10^{23}$) :
(1) 70 amu
(2) 60 amu
(3) 50 amu
(4) 40 amu

2. एक गैस अपने आदर्श व्यवहार से सर्वाधिक विचलन कब दर्शाती है ?
(1) निम्न दाब और निम्न ताप पर
(2) निम्न दाब और उच्च ताप पर
(3) उच्च दाब और निम्न ताप पर
(4) उच्च दाब और उच्च ताप पर

3. ताप T पर, किसी भी कण की औसत गतिज ऊर्जा $\frac{3}{2}$ kT है। दे ब्रॉग्ली तरंग-दैर्घ्य का सही क्रम है :
(1) तापीय प्रोटॉन > दृश्य फोटॉन > तापीय इलेक्ट्रॉन
(2) तापीय प्रोटॉन > तापीय इलेक्ट्रॉन > दृश्य फोटॉन
(3) दृश्य फोटॉन > तापीय इलेक्ट्रॉन > तापीय न्यूट्रॉन
(4) दृश्य फोटॉन > तापीय न्यूट्रॉन > तापीय इलेक्ट्रॉन

4. अणु AB की आबंध लंबाई 1.617Å है और उसका द्विध्रुव आघूर्ण 0.38 D है। प्रत्येक परमाणु पर आंशिक आवेश (निरपेक्ष परिमाण) है :
($e_0 = 4.802 \times 10^{-10}$ esu)
(1) 0
(2) 0.05
(3) 0.5
(4) 1.0

5. For the equilibrium, $A(g) \rightleftharpoons B(g)$, $\Delta H$ is $-40$ kJ/mol. If the ratio of the activation energies of the forward ($E_f$) and reverse ($E_b$) reactions is $\frac{2}{3}$ then :

(1) $E_f = 60$ kJ/mol ; $E_b = 100$ kJ/mol
(2) $E_f = 30$ kJ/mol ; $E_b = 70$ kJ/mol
(3) $E_f = 80$ kJ/mol ; $E_b = 120$ kJ/mol
(4) $E_f = 70$ kJ/mol ; $E_b = 30$ kJ/mol

6. Determination of the molar mass of acetic acid in benzene using freezing point depression is affected by :

(1) dissociation
(2) association
(3) partial ionization
(4) complex formation

7. The increase of pressure on ice $\rightleftharpoons$ water system at constant temperature will lead to :

(1) no effect on the equilibrium
(2) a decrease in the entropy of the system
(3) a shift of the equilibrium in the forward direction
(4) an increase in the Gibbs energy of the system

8. At 298 K, the standard reduction potentials are 1.51 V for $MnO_4^- | Mn^{2+}$, 1.36 V for $Cl_2 | Cl^-$, 1.07 V for $Br_2 | Br^-$, and 0.54 V for $I_2 | I^-$. At pH = 3, permanganate is expected to oxidize : $\left(\frac{RT}{F} = 0.059 \text{ V}\right)$

(1) $Cl^-$, $Br^-$ and $I^-$
(2) $Cl^-$ and $Br^-$
(3) $Br^-$ and $I^-$
(4) $I^-$ only

5. इस साम्यावस्था के लिए, $A(g) \rightleftharpoons B(g)$, $\Delta H$ $-40$ kJ/mol है। अगर अग्र ($E_f$) और पश्चगामी ($E_b$) अभिक्रियाओं के सक्रियण ऊर्जाओं का अनुपात $\frac{2}{3}$ है, तब :

(1) $E_f = 60$ kJ/mol ; $E_b = 100$ kJ/mol
(2) $E_f = 30$ kJ/mol ; $E_b = 70$ kJ/mol
(3) $E_f = 80$ kJ/mol ; $E_b = 120$ kJ/mol
(4) $E_f = 70$ kJ/mol ; $E_b = 30$ kJ/mol

6. ऐसिटिक अम्ल का मोलर द्रव्यमान बेंज़ीन में हिमांक अवनमन से निकाले जाने पर जिससे प्रभावित होता है वह है :

(1) वियोजन
(2) संगुणन
(3) आंशिक आयनीकरण
(4) संकुल विरचन

7. स्थिर ताप पर, अधिक दाब डालने पर बर्फ $\rightleftharpoons$ जल समुदाय में :

(1) साम्यावस्था पर कोई प्रभाव नहीं होता है।
(2) निकाय की ऐन्ट्रॉपी घटती है।
(3) साम्यावस्था अग्र दिशा में अग्रसर होती है।
(4) निकाय की गिब्ज ऊर्जा बढ़ती है।

8. 298 K पर मानक अपचयन विभव, $MnO_4^- | Mn^{2+}$ का 1.51 V, $Cl_2 | Cl^-$ का 1.36 V, $Br_2 | Br^-$ का 1.07 V और $I_2 | I^-$ का 0.54 V है। pH = 3 पर $MnO_4^-$ किनका उपचयन करेगा ?

$\left(\frac{RT}{F} = 0.059 \text{ V}\right)$

(1) $Cl^-$, $Br^-$ और $I^-$
(2) $Cl^-$ और $Br^-$
(3) $Br^-$ और $I^-$
(4) $I^-$ मात्र

**9.** $A + 2B \rightarrow C$, the rate equation for this reaction is given as

$$Rate = k[A][B].$$

If the concentration of A is kept the same but that of B is doubled what will happen to the rate itself ?

(1) halved
(2) the same
(3) doubled
(4) quadrupled

**10.** Under ambient conditions, which among the following surfactants will form micelles in aqueous solution at lowest molar concentration ?

(1) $CH_3(CH_2)_{15}\overset{\oplus}{N}(CH_3)_3\overset{\ominus}{Br}$
(2) $CH_3-(CH_2)_{13}-OSO_3^- Na^+$
